


www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

(झाखण्ड-बंगाल-बिहार संस्करण)

★वेब चैनल ★यूट्यूब न्यूज★ 1 लाख लोग




वर्ष : 04 अंक : 288 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, बुधवार, 17 अप्रैल, 2024



A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN

SESSION 2024 - 2025

HOSTEL FACILITY AVAILABLE

AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION

LIMITED SEATS

FIT INDIA SCHOOL

TOP 500

ISO 9001:2015

NURSERY TO CLASS XII

SCIENCE, COMMERCE & ARTS

BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD ✆ 9934319186


# छत्तीसगढ़ में 29 नक्सली ढेर, भारी मात्रा मे हथियार बरामद

- 25 लाख के दो इनामी कमांडर का भी खात्मा
- छत्तीसगढ़ में अब तक के सबसे बड़े एनकाउंटर

पोलिट लाइव रिपोर्टर

PL न्यूज डेस्क - छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव 2024 के फर्स्ट फेज की वोटिंग से पहले, सुरक्षाकर्मियों ने मंगलवार को कांकेर जिले में मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया. यह राज्य में अब तक की सबसे बड़ी मुठभेड़ है, जिसमें नक्सलियों के कई सीनियर कमांडर ढेर हुए.

### खुफिया सूचना के बाद शुरू हुआ ऑपरेशन

पुलिस के मुताबिक, 'इसे क्षेत्र के अबतक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियानों में से एक के रूप में देखा जा सकता है। यह ऑपरेशन इलाके में वरिष्ठ नक्सली शंकर, ललिता और राजू की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद शुरू किया गया था।'

25 लाख का इनाम था शंकर पर



यह मुठभेड़ मंगलवार 16 अप्रैल को दोपहर लगभग 2 बजे जिला कांकेर के थाना छोटेबेटिया क्षेत्र के अंतर्गत बिनागुंडा एवं कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल में बीएसएफ और डीआरजी की संयुक्त पार्टी और माओवादियों के बीच हुई।

छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई के अब तक के इतिहास में यह किसी एक मुठभेड़ में नक्सलियों की यह सबसे अधिक मौतें हैं. इस साल अब तक माओवादियों के गढ़ बस्तर रीजन में सुरक्षा बलों के साथ अलग-अलग मुठभेड़ों में कुल 79 नक्सली मारे गए हैं.

### मुठभेड़ में तीन जवान घायल

गोलीबारी में सुरक्षाबलों के तीन जवान भी घायल हुए हैं, इनमें से बी एस एफ के एक जवान के पैर में गोली लगी है। घायल जवानों को मौके से निकालकर बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रायपुर ले जाया गया। जहां उनकी स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है। मुठभेड़ की जानकारी के बाद मुठभेड़ स्थल पर अतिरिक्त बल को भेजा गया है। घटनास्थल से एके सीरीज की 7 राइफलें और 3 लाइट मशीनगन समेत अन्य हथियार भी बरामद हुए हैं। राज्य के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भीषण गोलीबारी में तीन सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए और मौके से बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए. सुरक्षा बलों ने इस एनकाउंटर में शंकर राव को मारने में सफलता पायी. वह दंडकारण्य डिवीजन में नक्सलियों का सबसे कड़ा और प्रभावशाली कमांडर था. शंकर राव अपने डिवीजन का मिलिट्री इंटेलिजेंस चीफ था और उसके सिर पर 25 लाख रुपये का इनाम घोषित था.

### पूरा श्रेय हमारे बहादुर सुरक्षा कर्मियों को जाता हैः डिप्टी सीएम

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिनके पास गृह विभाग भी है, उन्होंने इस मुठभेड़ को नक्सलियों पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' बताया. उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी सफलता है और इसका पूरा श्रेय हमारे बहादुर सुरक्षा कर्मियों को जाता है. बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (नक्सल ऑपरेशन) सुंदरराज पी ने कहा, 'मुठभेड़ मगलवार दोपहर करीब 2 बजे छोटेबेठिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिनागुंडा और कोरोनार गांवों के बीच हापाटोला जंगल में हुई, जब सीमा सुरक्षा बल और राज्य पुलिस के डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड की संयुक्त टीम एक अभियान पर निकली थी'.

### साढ़े पांच घंटे चली मुठभेड़

सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ साढ़े 5 घंटे चली, डी आई जी इंटेलिजेंस आलोक कुमार सिंह ने बताया, पिछले कुछ दिनों से कांकेर इलाके में नक्सलियों के मूवमेंट के इनपुट्स मिल रहे थे। इसके बाद पुलिस और बी एस एफ ने ऑपरेशन की तैयारी की। इसी के तहत ऑपरेशन प्लान किया गया।

नक्सलियों को दोपहर करीब एक बजे घेर लिया गया। 2 बजे मुठभेड़ शुरू हुई और शाम को 7.30 बजे तक यह चली। इस दौरान, सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के शव भी बरामद भी किए।

## यूपीएससी का रिजल्ट जारी, लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव टॉपर



नयी दिल्ली : संघ लोक सेवा आयोग ने मंगलवार को सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन-2023 का रिजल्ट जारी कर दिया। 1016 कैंडिडेट्स इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्वि, इंडियन पुलिस सर्विस और इंडियन फॉरेन सर्विस के लिए चुने गए हैं। 180 IAS और 200 IPS अफसर बनेंगे। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। वहीं, अनिमेष प्रधान दूसरी और अनन्या रेड्डी को तीसरी रैंक मिली है। इस साल टॉप 5 रैंक में आने वाले 3 कैंडिडेट्स पहले से ही IPS ऑफिसर हैं। रैंक 1 हासिल करने वाले आदित्य श्रीवास्तव, रैंक 4 पी के सिद्धार्थ रामकुमार और रैंक 5, रूहानी हैदराबाद में नेशनल पुलिस एकेडमी में IPS ट्रेनिंग पूरी कर रहे हैं। पिछले 11 सालों में ऐसा पहली बार हुआ है कि सर्विस में रहते हुए किसी IPS ने इस एग्जाम में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है।




# कांग्रेस ने जारी किया तीनों सीटों की लिस्ट इंडिया गठबंधन में कौन कहां से लड़ेगा चुनाव ..

पोलिट लाइव रिपोर्टर



रांची : अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 03 प्रत्यासी की जारी की लिस्ट, लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने झारखंड की तीन लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी. गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह, चतरा से केएन त्रिपाठी और धनबाद से अनुपमा सिंह को टिकट दिया गया है. रांची लोकसभा सीट से उम्मीदवार नाम अभी तय नहीं हुआ है . बेरमो से विधायक जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह है प्रत्याशियों की नाम की घोषणा के साथ कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के तहत कोटे में मिले 7 सीटों में से कुल 6 पर प्रत्याशी घोषित कर दिया है. अब कांग्रेस को सिर्फ रांची सीट पर प्रत्याशी के नाम का ऐलान करना है.

## अनुपमा सिंह को धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी बनने पर पूरे लोकसभा क्षेत्र में हर्ष - ब्रजेंद्र

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : धनबाद लोकसभा क्षेत्र से अंत तक कांग्रेस पार्टी ने अनुपमा सिंह को कांग्रेस प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया है यह सुनकर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल हो गया है कांग्रेसियों ने आशा व्यक्त किया की अनुपमा सिंह धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भारी मतों से बिजय होगी साथ-साथ अनुपमा सिंह को बधाई भी दिया बधाई देने वालों में प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह संतोष सिंह,ए. के झा, राशिद राजा अंसारी, जोगिंदर सिंह जोगी, मदन महतो, राजेश्वर यादव,वैभव सिंह, अनवर समीर, प्रभाकर नोनिया,रूपेश सिंह, मनोज यादव, डीएन यादव, मनोज हाड़ी,सहित सैकड़ो कांग्रेसियों ने बधाई दिया है.

## बांग्ला नव वर्ष के शुभ अवसर पर जगजीवन नगर फुटबॉल ग्राउंड में बार एवं फुटबॉल पूजा संपन्न



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : बांग्ला नव वर्ष के शुभ अवसर पर हर साल की भांति इस बार भी जगजीवन नगर फुटबॉल ग्राउंड में बार पूजा और फुटबॉल पूजा संपन्न हुआ सोमवार को, इस कार्यक्रम का आयोजन धनबाद वेटरेनस फुटबॉल एसोसिएशन के द्वारा किया गया पूजा संपन्न होने के बाद एक प्रदर्शनी मैच दो टीमों के बीच कराया गया पुलिस लाइन क्लब और सीएमआरआई दिनोब्ली स्कूल के बीच रखा गया था इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि डॉ यु एस प्रसाद के द्वारा सभी खिलाड़ियों परिचय कराया गया सभी खिलाड़ियों को फुटबॉल बैग बढ़िया दिया गया,अतिथि के रूप में वेटरेनस फुटबॉल संघ के अध्यक्ष जुबेर आलम महासचिव तारकनाथ दास अनिल लाल अनिल कुमार धर्मेंद्र सिंह जगजीवन नगर क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे बबलू बब्बन सनी रिकी सतीश अर्पित मनीष आलोक और साहिल उपस्थित थें.

# सेल टासरा ओपन कास्ट माइंस में मतदाता जागरुकता के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

पोलिट लाइव रिपोर्टर






धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार धनबाद जिला अंतर्गत सेल टासरा ओपन कास्ट माइंस में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत माइंस के अधिकारी एवं कर्मियों के बीच मतदाता प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान वोटर अवेयरनेस फोरम के नोडल पदाधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखते तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अचून्य रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया गया।

मौके पर टासरा ओपन कास्ट माइंस के पदाधिकारी, वोटर अवेयरनेस फोरम के नोडल पदाधिकारी, समेत ओपन कास्ट माइंस में कार्यरत सभी कर्मी मौजूद रहे।

## भाजपा से जनता को राहत हेतु बसपा प्रतिबद्ध, धनबाद लोकसभा से जल्द प्रत्याशी का होगा घोषणा- सुबल दास



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद: सत्ता की लूट हेतु भाजपा-कांग्रेस परेशान है और इस कामयाबी के लिए कोई 28 दलों को लेकर तो कोई 38 दलों को लेकर गठबंधन बनाया है; उक्त बातें बसपा झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, जोन प्रभारी सुबल दास ने कही। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा व कांग्रेस के बाद तीसरी बड़ी राष्ट्रीय पार्टी बहुजन समाज पार्टी है और जाहिर है जनता का भाजपा व कांग्रेस से भरोसा उठा है। क्योंकि बीजेपी कांग्रेस दोनों एक सिक्के के दो पहलू है। उन्होंने यह भी कहा कि इस चुनाव में एनडीए का विकल्प इंडिया गठबंधन नहीं बल्कि बसपा बनेगा।

इधर धनबाद संसदीय क्षेत्र से एनडीए की ओर से भाजपा प्रत्याशी ढूल्लू महतो को बनाए जाने के बाद उत्पन्न विरोधाभास का फायदा कैसे ले इसके लिए इंडिया गठबंधन से कांग्रेस अपना उम्मीदवार चयन में बहुत देर के बावजूद बहुत कमजोर प्रत्याशी देकर क्षेत्र के जनता को भाजपा की दमनकारी व जनविरोधी नीति से ऊपर उठने का विकल्प नहीं दिया। श्री दास ने कहा कि बसपा सदैव जनहित में लड़ाई लड़ती रही है तथा जनता का आवाज बनकर रहेगी। उन्होंने कहा कि पहले से घोषित अनुसार बसपा स्वतंत्र रूप से धनबाद समेत सभी सीटों पर अपना उम्मीदवार देगी, जिसका घोषणा बहुत जल्द पार्टी द्वारा कर दिया जाएगा।



# धैया मंडल बस्ती में एक युवक ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद: धनबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत धैया स्थित मंडल बस्ती में सुब्रतो मंडल नामक एक युवक ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। स्थानीय ने कहा सुब्रतो अपने मामा के घर में डॉक्टर की पढ़ाई करता था। कुछ महीना पूर्व इसे चित्रकला में इंटरनेशनल अवार्ड भी मिला था। घटनाक्रम के बाद पूरे परिवार में मातम छाया हुआ है। सुब्रतो ने ऐसा क्यों किया किसी को कुछ समझ में नहीं आ रहा।



युवक का उम्र लगभग 19 साल बताई जा रहा है। इसके पिता का नाम रामधनी मंडल है। लोगों ने बताया कि यह पढ़ने में काफी माहिर था, इसका अन्य लोगो से मिलना जुलना भी काफ़ी कम था इसका पूरा ध्यान अपने पढ़ाई पर रहता था। सुब्रतो का अपना गांव काड़ेडीह तोपचांची में है। घटना की जानकारी मिलते ही धनबाद थाना से पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया|

# स्वीप कोषांग के पदाधिकारियों ने झरिया के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों का किया निरीक्षण

- **झरिया के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों के वोटरों को दिलाई गई मतदाता शपथ**
- **छुटे हुए मतदाताओं को मतदाता सूची में निबंध की प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया**




पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह एवं डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन के ने कम मतदान प्रतिशत वाले झरिया के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान वोटर अवेयरनेस फोरम के तहत नोडल पदाधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग,जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया गया। साथ ही स्वीप के पदाधिकारियों द्वारा ऑन द स्पॉट कई लोगों का फॉर्म 6 भी भरा गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची में निबंध की प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, बाल संरक्षण पदाधिकारी श्रीमती साधना कुमारी, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर सुश्री विनीता कुमारी समेत बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइज़र एवं अन्य मौजूद रहें।

EAST END CONVENT
Near G. N. College, Rani Road, Bhuda, Dhanbad
Mob.: 8210805005, 9334624678

1. Classes running from NUR. to (+2) Level
For (+2) : Science, Commerce & Arts.
2. Transportation Facility available at low rate.
3. Computer Lab.
4. Well Known Faculty Subject Wise.
5. Special Care for Weak Students.
6. Fee Structure very less in comparison to other C.B.S.E. School.
7. Extra Curriculum activities regularly.
8. Peaceful and well disciplined environment.
9. Upcoming Science Lab and Library.
10. We create leader through activities.



# मॉक पोल से लेकर पोलिंग पार्टी के निकलने तक का माइक्रो ऑब्जर्वरों को दिया प्रशिक्षण

पोलिट लाइव रिपोर्टर






धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को न्यू टाउन हॉल में लोकसभा चुनाव के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए माइक्रो ऑब्जर्वरों को चुनाव के दिन मॉक पोल से लेकर मतदान संपन्न होने के बाद पोलिंग पार्टी के निकलने तक, उनके दायित्व का प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण में माइक्रो ऑब्जर्वरों को उनका दायित्व समझाते हुए उपायुक्त ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर अपने मतदान केंद्रों में समय से मॉक पोल करेंगे। पहली बार प्रत्येक उम्मीदवार के लिए तीन-तीन मॉक पोल करेंगे। वहीं मतदान के दौरान यदि कंट्रोल यूनिट को रिप्लेस करने की स्थिति आती है, तब उसे रिप्लेस करके प्रत्येक उम्मीदवार के लिए एक-एक मॉक पोल करेंगे। मॉक पोल हो जाने पर कंट्रोल यूनिट से मॉक पोल के डाटा को क्लियर कर, वीवीपैट से सभी स्लिप निकाल कर लिफाफे में सीलबंद कर, ईवीएम को जीरो पर सेट करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर आयोग के निर्देशानुसार समय पर मतदान शुरू कराएंगे। बूथ पर प्रत्येक उम्मीदवार के एक-एक एजेंट को मौजूद रहने की अनुमति देंगे। साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे कि मतदान की गोपनीयता बनी रहे।

वहीं एब्सेंटी वोटर के मतदान की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए उपायुक्त ने कहा कि एब्सेंटी वोटर जब मतदान करने आते हैं तो उनके अंगूठे का निशान अवश्य लेना है। साथ ही आयोग द्वारा प्रमाणित जो भी पहचान पत्र मतदाता प्रस्तुत करें, उसका नंबर नोट करना है।

उपायुक्त ने कहा कि ईवीएम को क्लोज करते ही समय अंकित हो जाएगा। इसलिए सभी मतदान केंद्रों पर आयोग द्वारा निर्धारित समय अवधि से पहले मतदान की प्रक्रिया को बंद नहीं करना है। उन्होंने कहा कि हर मतदान केंद्र से वेब कास्टिंग की जाएगी। इसकी सतत निगरानी की जाएगी। इसलिए सभी माइक्रो ऑब्जर्वर एवं पोलिंग पदाधिकारी अपने दायित्व का सुचारू रूप से निर्वाहन करें।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार कर्ण एवं राजकुमार वर्मा ने चुनाव के दिन माइक्रो ऑब्जर्वरों के विशेष 18 दायित्व पर प्रशिक्षण दिया।

इस अवसर पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता के अलावा माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित थे।

## पूर्वी टुंडी में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किये गए



पोलिट लाइव रिपोर्टर

पूर्वी टुंडी : पूर्वी टुंडी प्रखंड में अपग्रेडेड हाई स्कूल मैरानवाटांड, झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय लटानी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय फतेहपुर में इएलसी की छात्राओं द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्राओं द्वारा रंगोली बनाने के साथ हाथों पर मेहंदी लगाकर तथा पेंटिंग कर मतदान करने की अपील की।

## गर्मी के मौसम में आग की रोकथाम के लिए डीडीएमए ने जारी की एडवाइजरी

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : गर्मी के मौसम में अस्पतालों, नर्सिंग होम सहित अन्य प्रतिष्ठानों में आग की रोकथाम के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार (डीडीएमए) ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से एडवाइजरी जारी की है।

इस संबंध में अपर समाहर्ता सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, धनबाद श्री विनोद कुमार ने कहा कि गर्मी के मौसम में अस्पतालों, नर्सिंग होम सहित अन्य प्रतिष्ठानों में आग से सुरक्षा एवं रोकथाम के लिए भारत सरकार ने एडवाइजरी जारी की है। जिसका अनुपालन करना जरूरी है।

उन्होंने बताया कि एडवाइजरी में सभी अस्पताल, नर्सिंग होम सहित अन्य प्रतिष्ठानों में सक्रिय अग्नि-सुरक्षा उपकरणों का ठीक से काम करना, उसका नियमित रखरखाव व परीक्षण करना, डॉक्टरों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित ब्रीफिंग और अस्पताल के कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना, बेसमेंट में दहनशील पदार्थ, बैटरी बैंक आदि का स्टोरेज नहीं करना, आपातकालीन निकासी मार्गो को आपातकाल में उपयोग के लिए खाली रखना, नियमित रूप से आपातकालीन निकासी और मॉक फायर ड्रिल करना, इलेक्ट्रीकल लोड के इनपुट-आउटपुट लोड को संतुलित रखना और इलेक्ट्रीकल ऑडिट कराने के साथ साथ मल्टी-प्लग, ओवरलोडिंग पावर स्रोतों आदि के उपयोग से बचने की सलाह दी गई है।

अपर समाहर्ता ने एडवाइजरी का पालन कराने के लिए सिविल सर्जन एवं जिला अग्निशमन पदाधिकारी को सभी अस्पताल, नर्सिंग होम व अन्य प्रतिष्ठानों में आग से सुरक्षा और रोकथाम से संबंधित किए गए उपायों की जांच करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है।



# राजगंज मे महाष्टमी को श्रद्धालुओं की भीड़ मन्दिर परिसर पर उमड़ पड़ी

## बंगाल के प्रसिद्ध मायापुर के इस्कॉन मंदिर का प्रारूप का बना पंडाल

**सप्ताहवयापी मेला का हुआ शुभारंभ**

पोलिट लाइव रिपोर्टर

राजगंज : मंगलवार को महाष्टमी को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मन्दिर परिसर पर उमड़ पड़ी।इसके साथ ही बंगाल के प्रसिद्ध मायापुर का इस्कॉन मंदिर का प्रारूप पंडाल का उद्घाटन व माँ दुर्गा का मनमोहक प्रतिमा का पट खोला गया साथ ही सप्ताहवयापी मेला का शुभारंभ किया





गया।बजरंगबली दल सह चैती दुर्गा पूजा राजगंज द्वारा आयोजित चैती दुर्गा पूजा में महाष्टमी की पूजा आचार्य मनोज पांडेय, गंगेश पांडेय,बासुदेव पांडेय, अनुज पांडेय की अगुवाई में महाष्टमी पूजा, गौरी गणेश पूजन, पंचदेव पूजन, कलश पूजन, नवग्रह पूजन, सोलसमातृका पूजन, सत्यघृतमातृका पूजन, देवी का महास्नान पूजन व महाआरती पूजन किया गया।मेला में भी भीड़ उमड़ पड़ी है।

## मतदाता जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा पर कार्यक्रम

### तीसरा थाना प्रभारी को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा: एमओसीपी स्थित किड्स गार्डन स्कूल में सामाजिक संस्था अस्तित्व धनबाद की ओर से मतदाता जागरूकता व सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने विद्यालय के बच्चों व आसपास के लोगों को चुनाव के महत्व व मतदान का अधिकार को विस्तार से बताया कहा कि एक-एक वोट लोकतंत्र का निर्माण करता है अपने घर के आसपास रहने वाले परिजन जिनका मतदाता सूची में नाम है उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करें कई लोग मतदान दिवस के अवसर पर मतदान करने में कोई रुचि नहीं दिखाते है इससे क्षेत्र में गलत प्रतिनिधि का चयन हो जाता है मतदान करना सभी मतदाताओं का मौलिक अधिकार है मतदान अधिक से अधिक करने से स्वच्छ समाज व लोकतंत्र के निर्माण में मदद मिलता है थानेदार सुमन कुमार ने विद्यालय के बच्चों को सड़क




सुरक्षा की जानकारी भी दी कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे वाहन न चलावे,वाहन हमेशा हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर ही चलना चाहिए जिससे दुर्घटना कम होती है साथ ही वाहन चलाते समय ड्राइविंग लाइसेंस इंश्योरेंस के कागजात ऑनर पेपर प्रदूषण पेपर साथ में रखें अन्यथा भारी जुर्माना का भुगतान करना पड़ता है सभी विद्यार्थी मेहनत से कभी नहीं घबरावे मेहनत से हर मुकाम पाया जा सकता है विद्यार्थी हमेशा लक्ष्य बनाकर आगे बढ़े सफलता जरूर मिलेगा इस दौरान थाना प्रभारी ने करीब 5 गरीब बच्चों को किताब अपने सौजन्य से किताब कॉपी उपलब्ध करवाया. साथ ही अन्य कल्याणकारी कार्य में मदद का भरोसा अस्तित्व संस्था को दिया इस दौरान अस्तित्व सामाजिक संस्था की ओर से तीसरा थानेदार सुमन कुमार को क्षेत्र में बेहतर विधि व्यवस्था वह अवैध सवाल शराब के खिलाफ अभियान चलाने को लेकर शॉल व बुके देकर सम्मानित किया.मौके पर अध्यक्ष टिंकू कुमार निषाद, सचिव दीपक कुमार चौहान, कोषाध्यक्ष श्याम कु बाउरी, सदस्य विजय कु रजवार, उमेश पाण्डेय. राजकुमार, ज्योति कुमारी, महेन्द्र बाउरी, अमोद ठाकुर, उमेश मोदक, सुनील मल्लाह, अविनाश मल्लाह, जयदेव कालिंदी, बिश्वनाथ बाउरी, पंकज रजवार आदि थे.

## बीडीओ ने अबुआ आवास और मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की

पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : उपायुक्त धनबाद के निदेशानुसार मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह के द्वारा बलियापुर प्रखंड सभागार में मनरेगा के तहत योजनाओं की समीक्षा बैठक किया गया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम आम बागवानी सहित अन्य योजनाओं के कार्यो में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। आधार आधारित भुगतान और रिजेक्ट ट्रांजेक्शन को अबिलंब सुधार करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास योजना अंतर्गत सभी लाभुको के आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। समीक्षा के दौरान कुछ पंचायत सचिवों ने बताया कि कुछ लाभुक ऐसे



हैं जिनको बार-बार कहने पर भी कार्य प्रारंभ नहीं कर रहे हैं। ऐसे लागू को की सूची मांगा गया है ताकि उन्हें नोटिस निर्गत किया जा सके। इसके अतिरिक्त 15वीं वित्त आयोग योजना अंतर्गत अपूर्ण योजनाओं को अविलंब पूरा करने का निदेश दिया गया। समीक्षा बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा विशाल कुमार एवं पूजा वर्मा, प्रखंड आवास समन्वयक और 15वीं वित्त आयोग, सभी पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## पेमिया ऋषिकेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के प्रांगण में इन केंपस और आउट केंपस का आयोजन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोमो: पेमिया ऋषिकेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के प्रांगण में इन केंपस और आउट केंपस के माध्यम से फन इंडिया की तीन बड़ी कंपनियां कॉलेज में प्लेसमेंट के लिए आई कॉलेज के इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल विभाग से 100 बच्चों ने भाग लिया। वहीं ऑफ कैंपस के माध्यम से कॉलेज के बाहर से करीब 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें की रिको ऑटो इंडस्ट्रियल प्राइवेट लिमिटेड में इलेक्ट्रिकल विभाग से कुल 08 बच्चे और मैकेनिकल विभाग से कुल 10 बच्चों का



चयन किया। वहीं ओसवाल ने इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल विभाग से 20-20 बच्चों का चयन किया और सांडे विकास लिमिटेड ने इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल में 20-20 बच्चों का चयन किया।

इन सभी कंपनियों ने झारखंड में पहली बार अपने कंपनी का प्लेसमेंट ड्राइव किया। वहीं माननीय विधायक टुंडी सह संस्थान के अध्यक्ष श्री मथुरा प्रसाद महतो ने बच्चों के मंगल भविष्य की कामना की। वही कॉलेज के प्राचार्य डॉ विवेक कुमार से यह जानकारी मिली की तीनों कंपनियां बच्चों को प्लेसमेंट के बाद दिल्ली एनसीआर में जॉब देगी।

साथ ही प्राचार्य ने यह बताया की पास आउट स्टूडेंट अगले सप्ताह से ज्वाइन कर सकते हैं वही जो बच्चे अभी आखरी सेमेस्टर में है वह अपने फाइनल एग्जाम में पास होने के बाद ज्वाइन कर पाएंगे। मौके पर कॉलेज प्रबंधन प्रमुख श्री राजकुमार महतो ने सभी बच्चों से बात किया और सभी बच्चों को प्रोफेशनल वर्क करने का टिप्स दिया वही, इलेक्ट्रिकल विभाग के प्रमुख अनूप कुमार महतो मैकेनिकल विभाग के प्रमुख प्रेमचंद महतो साथ ही सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद थे तीनों कंपनियों के पदाधिकारियों ने कॉलेज में पढ़ने वाले सभी बच्चों को देखते हुए प्रसन्नता जाहिर की और कहां पेमिया ऋषिकेश के सभी छात्र-छात्राएं अपने-अपने क्षेत्र में अव्वल है।

मैनेजिंग संपादक - बिद्युत वर्मा, कार्यालय- गली न0-10, बिनोद नगर, धनबाद-826001, Mobile No. : 9934560545

# भाजपा युवा मोर्चा धनबाद ग्रामीण जिला ने सिंदरी व निरसा विधान सभा क्षेत्र के 13 मंडल का बैठक बुलाया

## धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की जीत ऐतिहासिक होगी : सावित्री देवी

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोविंदपुर : भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद ग्रामीण जिला के द्वारा आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर सिंदरी विधान सभा व निरसा विधान सभा क्षेत्र के सभी 13 मंडल अध्यक्ष तथा मंडल के दोनों महामंत्री दोनों विधान सभा में वास करने वाले जिला पदाधिकारी जिला कार्यसमिति सदस्यों की सामुहिक बैठक जिलाध्यक्ष बम्पी चक्रवर्ती के अध्यक्षता में संपन्न हुआ संचालन जिला महामंत्री जग्गु साव ने किया मुख्य रूप से धनबाद लोक सभा भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो जी के धर्म पत्नी श्रीमती सावित्री देवी जी उपस्थित हुई उन्होंने कहा की पूरे धनबाद लोकसभा की जनता जिस आशा और विश्वास के साथ विधायक ढुल्लू महतो की ओर देख रही में विश्वास दिलाती हु विधायक जी उसे जरूर पूरा करेगे कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर भाजयुमो प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा जिला प्रभारी ब्रज दुबे भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रति रंजन गिरी दिनेश मंडल इंद्रजीत मंडल दिलीप चौधरी अमर नाथ साव संदीप सत्यम राजेश चौधरी प्रमोद हेम्ब्रम सीमांत मंडल उज्वल गोराई गोविंदा यादव सुशांत महतो दीपक गोप संदीप योगी गोविंद राय नीलू लायक चीकू अग्रवाल उत्पल बाउरी राजेश बाउरी कृष्णेंदु रवानी मोनोजीत बाउरी साफ़ीऊल काजी उपस्थिति में संपन्न हुआ.

## बिरसा मुंडा फुटबॉल क्लब ठाकुर कुल्ही ने मनाया नव वर्ष

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद:- पहला वैशाख के शुभ अवसर पर ठाकुर कुल्ही स्थित नवनिर्मित स्टेडियम मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में बिरसा मुंडा फुटबॉल क्लब ठाकुर कुल्ही के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें सादगी से बांग्ला नव वर्ष मनाया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में क्लब के पूर्व कोच स्वर्गीय अभिजीत गांगुली जी की आत्मा के शांति के लिए वहां पर उपस्थित सभी खिलाड़ियों ने 2 मिनट का मौन रखा। बिरसा मुंडा फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष राजेश सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि पूर्व कोच स्वर्गीय अभिजीत गांगुली एक सच्चे खेल प्रेमी थे जो निशुल्क ग्रामीण क्षेत्र के लड़के और लड़कियों को प्रशिक्षण दिया करते थे । वर्ष 2018 में इसी मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में प्रशिक्षण के दौरान वज्रपात के कारण उनकी मृत्यु हो गई थी । इसलिए इस कार्यक्रम की शुरुआत में उनकी आत्मा के शांति हेतु 2 मिनट का मौन रख कर उन्हें सभी खिलाड़ियों ने श्रद्धांजलि दी। सभी खिलाड़ियों ने कहा कि हम लोगों को उनकी कमी सदा महसूस होती रहेगी। इसके साथ ही खिलाड़ियों ने मैदान की पूजा कर खेल के नए सत्र की शुरुआत की।

# अस्तित्व धनबाद टीम ने तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार को सम्मानित किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



तीसरा : अस्तित्व धनबाद ने थाना प्रभारी सुमन कुमार को सॉल और बुके देकर सम्मानित किया । अस्तित्व धनबाद एक एनजीओ है जो निशुल्क कुछ न कुछ जरूरतमंदो के लिए करते रहता है । अस्तित्व धनबाद तीसरा थाना प्रभारी के कार्यों से काफी खुस है । अस्तित्व धनबाद के सदस्यों ने बताया कि तीसरा क्षेत्र में स्कूल काफी ज्यादा है उससे ज्यादा दारू अड्डा है पर थाना प्रभारी ने अपना ड्यूटी बखूबी निभाया और पूरे तीसरा क्षेत्र में दारू बंद करा दिया जिससे पूरा क्षेत्र में शान्ति का माहोल कायम हो गया । इस क्षेत्र में दारू अड्डा होने के कारण युवा काफी ज्यादा बर्बाद हो रहे थे लेकिन अब उम्मीद नहीं पूरा विश्वास है थाना प्रभारी सुमन कुमार ऐसे ही अपना कर्तव्य निभाते रहेंगे। वही इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी सुमन कुमार ने किड्स गार्डेन पब्लिक स्कूल के बच्चो को सड़क सुरक्षा के कई नियम और 18 साल के बाद मतदान क्यों जरूरी है ? इन सब चीजों के बारे में काफी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। वही कुछ बच्चो का घर का आर्थिक स्तिथि ठीक नही होने के कारण किताब नही खरीद पाए थे। प्रभारी जी तुरंत अपने स्तर से किताब दिलवाए साथ ही आगे भी किसी बच्चे को किताब , कॉपी की कमी होगी तो तीसरा थाना प्रभारी अवश्य मदद करेंगे । मौके पर अस्तित्व धनबाद के अध्यक्ष टिंकू कुमार निषाद ,सचिव दीपक कुमार चौहान ,कोषाध्यक्ष श्याम कु बाउरी ,सदस्य विजय कु रजवार, उमेश पाण्डेय. राजकुमार, ज्योति कुमारी, महेन्द्र बाउरी, अमोद ठाकुर, उमेश मोदक, सुनील मल्लाह, अविनाश मल्लाह, जयदेव कालिंदी, बिश्वनाथ बाउरी, पंकज रजवार आदि मौजूद थे ।

# धनबाद संसदीय क्षेत्र से झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के प्रत्याशी हुआ घोषित

**पार्टी अध्यक्ष जयराम महतो के सपनों का झारखंड बनाएंगे- इकलाख अंसारी**

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोविंदपुर : धनबाद संसदीय क्षेत्र से झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के प्रत्याशी घोषित होने के बाद इकलाख अंसारी ने शनिवार को कहा कि पार्टी अध्यक्ष जयराम महतो के सपनों का झारखंड बनाएंगे। सत्र 2013 में रांची यूनिवर्सिटी से एम.ए. करने वाले गोविंदपुर प्रखंड के पराशी गांव निवासी इकलाख अपने गांव में ही प्ले स्कूल चलाते हैं। मध्यम परिवार से ताल्लुक रखने वाले इखलाख के पिता अब्दुल वाहिद अंसारी ट्रक चलाते थे। बाद में उन्होंने खुद अपना ट्रक खरीद लिया। उसका छोटा भाई भी गाड़ी चालक है। इकलाख किसी राजनीतिक दल से जुड़े हुए नहीं हैं। खतियानी आंदोलन से प्रभावित होकर वह जयराम महतो उर्फ टाईगर से जुड़े तथा पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता बन गए। संघर्ष समिति के प्रति निष्ठा एवं उनकी कर्मठता के कारण ही जयराम ने लोकसभा का टिकट देकर उन पर विश्वास जताया है।

## राजगंज मे रामनवमी अवसर पर एलआरपी एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

राजगंज : रामनवमी के मद्देनजर मंगलवार को राजगंज थानेदार तपन पाणिग्राही के नेतृत्व में एलआरपी चलाया गया साथ ही वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।एलआरपी राजगंज बाजार, हटिया, डोमनपुर, धावाचिता, दलूडीह, जरमुनई, मैरा कुल्ही समेत अन्य क्षेत्रों में चलाया गया।इस दौरान थानेदार तपन पाणिग्राही ने कहा कि रामनवमी के मद्देनजर राजगंज पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।शरारती तत्वों को सीधे जेल भेजा जाएगा।साथ ही मोटरसायकिल चालकों से हमेशा हेलमेट पहन कर चलाने का अपील किया क्योंकि आये दिन सड़क दुर्घटना में बिना हैलमेट वालों का ही जान जा रही है।

# उलगुलान महारैली की सफलता के लिए झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ने बस्ताकोला एवं लोदना क्षेत्र में बैठक किया


पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा : झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से 21 अप्रैल को रांची में आयोजित उलगुलान महारैली की सफलता के लिए झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन बस्ताकोला क्षेत्र एवं लोदना क्षेत्र की बैठक मंगलवार को एम ओ सी पी कम्युनिटी हाल में संपन्न हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दोनों क्षेत्र से मजदूर इस महारैली में शामिल होंगे और अपनी एकता का परिचय देंगे।

बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय नेता हराधन रोजगार और युदेश्वर सिंह ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार एक साजिश के तहत पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फसाने का काम किया जनता इसका जवाब आने वाले चुनाव में देगी। केंद्र की भाजपा सरकार मजदूर किसान विरोधी है। पूर्व मुख्यमंत्री के कामों से घबराकर षड्यंत्र के तहत उनको जेल भेजा गया उल्कालन रैली के माध्यम से बताने का काम करेगी। बैठक की अध्यक्षता प्रभास सिंह एवं संचालन कन्हैया सिंह ने किया। मौके पर हीरालाल गोराई, तारक पाल,फागू नापित, कृष्णा सिंह जितेन प्रमाणिक, सनातन टुडू, मुमताज, मोदी लाल मुंडा आदि थे।



# लटानी में धूम धाम से मनाई गई चैती दुर्गा पूजा



पोलिट लाइव रिपोर्टर

पूर्वी टुंडी: पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत लटानी गांव में धूम धाम से मनाई गई चैती दुर्गा पूजा मनाई जा रही है।महाष्टमी में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। सैकड़ो महिला-पुरुष पूजा में शामिल रहे। माता के अन्नपूर्णा रूप का पूजा था जिसमें पंडित केदार बैनर्जी द्वारा पूजा संपन्न कराया जा रहा है। मंत्र उच्चारण से आसपास का वातावरण भक्ति मय दिखा। पूजा में मुख्य रूप से माथुर दत्ता, हीरेंद्र दत्ता, बासुदेव कुमार, श्यामपद कुमार, मिहिर कांत कुमार, जगन्नाथ चंद्र, सरबू, कुमार एवं आसपास के स्थानीय लोग सम्मिलित हुए।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत बालिका प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बलियापुर क़ी छात्राओं ने रैली निकाली

पोलिट लाइव रिपोर्टर



बलियापुर : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निर्देशानुसार मंगलवार को आसन्न लोकसभा चुनाव के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा की उपस्थिति में बालिका प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बलियापुर की ईएलसी सदस्य छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली कुम्हार टोला होते हुए मस्जिद टोला के रास्ते लगभग 3 किमी की दूरी तय कर विद्यालय पहुंची। यह रैली बलियापुर पश्चिम पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 315, 316, 317 क्षेत्र के मतदाताओं को आगामी 25 मई को मतदान सुनिश्चित कराने की अपील की गई। छात्राओं द्वारा स्लोगन एवं स्वीप प्रचार सामग्रियों से मतदान करने का संदेश दिया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्र धा ना ध्या प क , शिक्षकगणों के अलावा क्षेत्र के बीएलओ व स्वीप नोडल ने भाग लिया। साथ ही स्वीप के अन्य कार्यक्रम बुनियादी विद्यालय बीआईटी सिंदरी में भी छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता को रैली का आयोजन किया गया। सिंदरी नगर निगम क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 393, 394, 396 डोमगढ़ में बीएलओ द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाई गई।

ISO Certified Institute
आओ पढ़ो और सिखो
पढ़ाई क्या और कैसे होती है...
तकनीकी की दुनिया में एक सोंच जो बनाए आपको आत्मनिर्भर
S. K. COMPUTER & SCIENCE CLASSES
थाना के बगल में (ओपोजिट-गोबिन्दपुर, पोस्ट ऑफिस)
जी० टी० रोड, गोविन्दपुर, धनबाद
ALL COMPUTER COURSE
D.C.A.
D.T.P.
A.D.C.A.
Hardware
Tally Prime
Advance Tally
JAVA, CC++, PYTHON
100% JOB ORIENTED
ADMISSION GOING ON
Tally ERP-9 With GST
(Accounting Project & Working Experience)
ALL SCIENCE COURSE
9th 10th
11th 12th
B.Sc. M.Sc.
Polytechnic
एक कदम सफलता की ओर .....
Our Facilities :-
• Separate Batch for Girls Classes • Limit Students Per Batch
• Monthly Test Series • Extra Care of Weak Students • Anytime Doubt Clearing Session • Test Series के आधार पर Rotation Classes
ARTS 11th,12th & B.A.
आर्ट्स की सभी विषयों की कक्षाएँ होती है।
SPOKEN ENGLISH
एक ऐसा नाम जिस पर सबको है विश्वास, क्योंकि सफलता ही हमारी पहचान है।
Mr. Sanjay Sir (16th Years Expert) 7870445144, 9931843186
Md. Shamim Sir (16th Years Expert) 9798858597, 7050933955
New Aruna Press # 9973748859